पंजाब केसरी 29/11/2024

वर्तमान समय में बेहतर कम्युनिकेशन ही सफलता की कुंजी : डा. रोहित दत्त

■ जी.एम.एन. कॉलेज ने स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों को करवाया ऑनलाइन इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स

अम्बाला, 28 नवम्बर (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा लैंग्वेज लैब के सहयोग से 10 दिवसीय ऑनलाइन इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स का आयोजन किया गया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में बाहरी स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी अंग्रेजी भाषा सीखने के नए कौशल एवं तरीके बताए गए और उनको नई चुनौतियों में अवसर खोजने का एक नया अभ्यास बताया गया।

इस संबंध में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि वर्तमान समय में बेहतर कम्युनिकेशन ही सफलता की कुंजी है। आपकी सफलता आपके वाक् कौशल पर निर्भर करती है। अधिकतर मल्टीनैशनल कंपनियों में अंग्रेजी भाषा में ही कार्य होता है। अपने प्रोफैशनल जीवन में सफलता के लिए अंग्रेजी भाषा पर मजबूत पकड़ स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही दुनिया में कदम से कदम



ऑनलाइन इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स करवातीं जी.एम.एन. कॉलेज की प्राध्यापिका। (देवदत्त)

मिलाकर चलने के लिए अंग्रेजी भाषा को मजबूत करना आवश्यक है।

आज अधिकतर लोग अंग्रेजी भाषा सीखते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें बोलने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। अंग्रेजी भाषा में कमी अक्सर शब्दकोष, व्याकरण या किसी अन्य वजहों से हो सकती है। जितना ज्यादा आप बोलने का अभ्यास करेंगे, उतनी ही आपकी अंग्रेजी बेहतर होगी। अधिक से अधिक अंग्रेजी पढ़ने का अभ्यास करें।

अंग्रेजी विभाग की तरफ से प्रो. महक तलवार ने यह 10 दिवसीय ऑनलाइन इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स विद्यार्थियों को कराया जिसमें गूगल फॉर्म के माध्यम से बाहरी विद्यार्थियों ने फॉर्म को भरा और इस ऑनलाइन स्पीकिंग कोर्स को 10 दिन के लिए ज्वाइन किया।

उन्होंने कहा कि अच्छी अंग्रेजी आपके करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा सकती है। टीचिंग, मार्किटिंग, सेल्स, मैनेजरिएल समेत ढेरों ऐसी नौकरियां हैं, जिनमें आप बेहतरीन अंग्रेजी से काफी आगे बढ़ सकते हैं। यह ऑनलाइन कोर्स अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न किया गया, जिसमें अंग्रेजी विभाग के सभी प्राध्यापकों का सहयोग रहा।